RAF SECTOR
NEWS CLIP
25/03/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika, Ahmedabad,(Gujrat)

वॉकथॉन में दिया मानव तस्करी रोकने का संदेश

अहमदाबाद @ पत्रिका. शहर में वस्त्राल स्थित आरएएफ की 100वीं वाहिनी की ओर से वॉकथॉन आयोजित की गई। कमांडेंट गोविन्द प्रसाद उनियाल के नेतृत्व में द्वितीय कमान अधिकारी जतिन किशोर, उप कमाण्डेन्ट विरेन्द्र कुमार, अन्य अधिकारी, जवानों व महिलाओं के साथ लगभग 400 कार्मिकों एवं विद्यार्थियों ने मुख्यालय से वॉकथॉन की शुरुआत की। वॉकथॉन लोग वस्त्राल गांव एवं प्राथमिक विद्यालय वस्त्राल, रामोल, सीताराम चौराहा, निरान चौराहे होते हुए आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 5 किलो मीटर तक आयोजित की गई। इस दौरान कई तरह के संदेश देते बैनर व नारों का उद्घोष किया गया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित इस वॉकथॉन का उद्देश्य नशीली दवाओं से होने वाले नुकसान, महिला शिक्षा और उनके अधिकार, प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान और मानव तस्करी को रोकने के लिए जनजन तक संदेश पहुंचाना है।

Amar Ujala, Allahabad,(UP)

बच्चों को दी गई कोरोना वैक्सीन

फाफामऊ। आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम के अस्पताल में 12 से 14 वर्ष के बच्चों को कोरोना से बचाव की पहली खुराक दी गई। साथ कर्मचारियों को बूस्टर डोज दिया गया। टीकाकरण की शुरूआत कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने कराई। इस मौके पर 46 बच्चों को वैक्सीन की डोज दी गई। इस मौके पर आरएएफ के जवानों एवं अन्य कर्मचारियों को कोरोना की बूस्टर डोज दी गई। वैक्सीनेशन टीम का नेतृत्व सीएचसी सोरांव के सहयोग से चलाया गया। बच्चों को कोविड से बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके सिंह, उप कमांडेंट बृजेश कुमार दूबे, उप कमांडेंट विनोद कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

Kota Patrika, Jaipur,(Raj)

संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च

कोटा @ पत्रिका. गुमानपुरा थाने के संवेदनशील क्षेत्रों में मंगलवार को को फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस अधीक्षक शहर केसर सिंह शेखावत ने बताया कि सहायक कमाण्डेड श्रीराम शर्मा एवं वृत्ताधिकारी वृत्त प्रथम अंकित जैन के नेतृत्व में डी/83 बटालियन द्रुत कार्य बल जयपुर ने भोई मोहल्ला, छावनी, गोरधनपुरा, कोटड़ी, एक मीनार मस्जिद छावनी, जमाल चौक कोटड़ी, फकीरों की मस्जिद कोटड़ी, घोसी मोहल्ला वल्लभवाड़ी आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। मार्च में द्रुत कार्य बल के निरीक्षक रामकेश मीणा, निरीक्षक रामपाल यादव, निरीक्षक फौजीराम मीणा, थानाधिकारी लखनलाल मीणा भी शामिल थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

दिनांक 22/03/2022 को 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के तहत स्कूली बच्चों को जागरूकता अभियान रैली की जानकारी दी गई।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।